CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
31.8.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

# साप्ताहिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com

4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....   6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....

» वर्ष-2 » अंक - 39 »

## बांदीपोरा के हाजिन में अब तक दो आतंकी ढेर

श्रीनगर (आरएनएस)। उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले में गुरुवार सुबह से ही सेना और आतंकियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ जारी है। बांदीपोरा के हाजिन इलाके में चल रही इस मुठभेड़ में अब तक 2 आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि 2 अन्य के एक मकान में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। इस मुठभेड़ के बीच बांदीपोरा में भारी सुरक्षाबलों की तैनाती कर आतंकियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है।



बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह बांदीपोरा में आतंकियों ने सेना की एक पट्रोलिंग टीम पर फायरिंग की थी, इसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए सेना ने इन आतंकियों को घेराबंदी की और इन्हें हाजिन के एक मकान में घेर लिया। इसके बाद आतंकियों द्वारा हो रही गोलीबारी के जवाब में सेना ने एसओजी के साथ मिलकर यहां एक बड़ा अभियान शुरू किया। इस बीच तनाव की आशंका में इलाके में इंटरनेट सेवाओं पर भी रोक लगा दी गई।

### बुधवार को शोपियां आतंकी हमले के बाद बड़ा ऑपरेशन

**इस ऑपरेशन में करीब 7 घंटे की कार्रवाई के बाद सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया है, जिनके पास से एके-47 राइफल समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं। इलाके में मुठभेड़ को देखते हुए सीआरपीएफ और पुलिस की टीमों ने एनकाउंटर साइट तक जाने वाले सभी रास्ते सीज कर दिए हैं। बता दें कि इस मुठभेड़ के एक दिन पहले ही आतंकियों ने शोपियां में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक टीम पर हमला किया था, जिसमें चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। बुधवार शाम शोपियां के अरहामा गांव में इस हमले के बाद आतंकियों ने शहीद पुलिसकर्मियों की सर्विस राइफल भी लूट ली थी, जिसके बाद से ही सेना ने शोपियां समेत दक्षिण और उत्तरी कश्मीर के कई इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया था।**

## लालू प्रसाद ने सीबीआई कोर्ट में किया सरेंडर, भेजे गए जेल

रांची (आरएनएस)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया है. जस्टिस एसएस प्रसाद की कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए होटवार जेल भेज दिया. कोर्ट ने रिम्स के डॉक्टर को लालू प्रसाद के मेडिकल चेक-अप का भी आदेश दिया है.



लालू प्रसाद के वकील ने कहा कि आरजेडी सुप्रीमो को पहले जेल ले जाया जाएगा फिर रिम्स. इससे पहले रांची स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में गुरुवार सुबह जेवीएम अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनसे मुलाकात की. बुधवार शाम को कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय और नेता प्रतिपक्ष हेमंत सोरेन ने भी उनका हालचाल लिया. मुलाकात के दौरान 2019 चुनाव के मद्देनजर सेक्युलर पार्टियों को एक मंच पर आने को लेकर चर्चा हुई.

होटवार जेल में उनके लिए उच्च श्रेणी कक्ष की व्यवस्था की गई है. इस श्रेणी के ब्लॉक बी या सी में लालू प्रसाद को रखा जा सकता है. उन्हें खाना बनाने और कपड़े धोने के लिए दो कैदी मिलेंगे. सूचना के मुताबिक उनके लिए जेल अस्पताल में भी एक बेड तैयार किया गया है.

बता दें कि लालू प्रसाद एक साथ कई बीमारियों से जूझ रहे हैं. उन्हें पहले से हाई बीपी, शुगर, किडनी, प्रोस्टेट, किडनी में पथरी, हर्निया, ग्लूकोमा, बीटा थैलेसीमिया से जुड़ीं समस्याएं हैं. 2014 में ऑर्टिक वल्व रीप्लेसमेंट, पेटेंट फॉरामेन ओवेले और ऑर्टोप्लास्टी के ऑपरेशन भी हुए थे.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बांग्लादेश में महिला टीवी पत्रकार की गला काटकर हत्या

ढाका (आरएनएस)। बांग्लादेश में कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक टेलिविजन चैनल की महिला पत्रकार के घर में घुसकर धारदार हथियार से गला काटकर उसकी हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मरने वाले की पहचान सुबर्णा नोदी (32) के रूप में की गई है। वह निजी समाचार चैनल आनंद टीवी की एक पत्रकार थीं। सुबर्णा डेली जाग्रतो बांग्ला समाचार और बीडीन्यूज 24 डॉटकॉम के लिए भी काम करती थीं। वह ढाका से करीब 150 किमी दूर पबना जिले के राधानगर इलाके में रहती थीं। रिपोर्ट में बताया गया है कि सुबर्णा की नौ साल की एक बेटी है और वह अपने पति के साथ तलाक की प्रक्रिया से गुजर रही थीं। इसमें बताया गया है कि हमलावर मंगलवार रात 10 से 12 बजे के बीच बाइक पर सवार होकर आए और उनके घर के दरवाजे की घंटी बजाई।

### वायु सेना भर्ती रैली कल से

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में आगामी 31 अगस्त गुरुवार से 5 सितम्बर तक वायु सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती रैली वायु सैनिक चयन केन्द्र भोपाल और जिला प्रशासन रायपुर के सहयोग से रायपुर के पं. दीनदयाल, ऑडोटेरियम साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित होगी। भर्ती रैली में राज्य के सभी जिलों के पात्र एवं इच्छुक पुरुष युवा भाग ले सकते हैं। इसमें भारतीय वायु सेना (सुरक्षा) के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### राजधानी में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो दुकानों से जानवरों के करोड़ों कीमत के अवशेष किये जब्त

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर वन विभाग की टीम ने बुधवार को राजधानी के गोलबाजार स्थित दो दुकानों में छापा मारते हुए करोड़ों कीमत के जानवरों के अवशेष बरामद किया है। वन विभाग रायपुर को कई दिनों से गोलबाजार के कुछ दुकानों में जानवरों के अवशेष बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। इस शिकायत के आधार पर विभाग के अधिकारियों ने आज गोलबाजार के दो दुकानों में छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान दुकानों से बड़े पैमाने पर जंगली जानवरों के अवशेष मिले हैं। बताया जा रहा है कि इन अवशेषों का इस्तेमाल शक्तिवर्धक दवाओं के तौर पर बिक्री की जाती थी। कई लोग इसे तंत्र-मंत्र के नाम पर भी खरीद कर ले जाते है।

### पेट्रोल-डीजल की दरों में 15 प्रतिशत वैट कम करने नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

रायपुर (आरएनएस)। नेता प्रतिपक्ष टी.एस. सिंहदेव ने मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नाम एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने पेट्रोल और डीजल की दरों में निरंतर वृद्धि होने की वजह से बढ़ती महंगाई से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पेट्रोल-डीजल के वैट को 15 प्रतिशत घटाने की मांग की है।

### अब भारत में प्लास्टिक के कचरे से बनेंगी सड़कें

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में प्लास्टिक के कचरे को कम करने के लिए अब इसका प्रयोग सड़कों के निर्माण में किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा बनाई गई नई योजना के तहत सड़क निर्माण में प्लास्टिक कचरे के इस्तेमाल को अनिवार्य किया जाएगा।

## लड़की को 1 नंबर देना भूले, अब देने होंगे 5 लाख

पटना (आरएनएस)। पटना हाई कोर्ट ने बुधवार को बिहार स्कूल परीक्षा परिषद (बीएसईबी) पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना 2017 में 10वीं की परीक्षा में शामिल हुई एक छात्रा के मामले में लगाया गया, जिसकी हिंदी की कॉपी जांचने में 2 नंबर के एक उत्तर के मार्क्स फाइनल रिजल्ट में नहीं जोड़े गए थे। बाद में जब कॉपी दोबारा जांची गई तो वही लड़की राज्य की सेकंड टॉपर निकली।

## 76 वर्षीय पूर्व राज्यसभा सदस्य दर्शन सिंह का निधन

इटावा (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) संरक्षक मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे पूर्व राज्यसभा सदस्य दर्शन सिंह यादव का गुरुवार तड़के निधन हो गया है। वह 76 वर्ष के थे।



राज्यसभा के पूर्व सदस्य दर्शन सिंह यादव का गुरुवार तड़के करीब तीन बजे निधन हो गया। वह बुधवार को मथुरा के एक निजी अस्पताल से उपचार कराकर लौटे थे। उनके शव को हैंवरा कोठी पर लाया गया है।

इटावा से लम्बे समय तक मुलायम सिंह यादव के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद चर्चा में आये स्वर्गीय दर्शन सिंह यादव बाद में सपा संरक्षक के करीब आ गये थे। उन्होने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के खिलाफ इटावा के जसवंतनगर विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ा था।

## 1 सितंबर से नई कार के लिए 3 साल, मोटरसाइकल के लिए 5 साल का इंश्योरेंस लेना अनिवार्य

मुंबई (आरएनएस)। इस साल सितंबर से नई कार और दोपहिया वाहन खरीदने वालों के लिए क्रमशः 3 साल और 5 साल का अपफ्रंट इंश्योरेंस कवर लेना अनिवार्य हो जाएगा। लॉन्ग टर्म के लिए प्रीमियम पेमेंट करने से नई गाड़ी की शुरुआती कीमत बढ़ जाएगी। हालांकि इससे कस्टमर्स को सालाना रीन्यूअल कराने की झंझट से छुटकारा मिल जाएगा।

1500 सीसी से ज्यादा क्षमता वाली नई प्राइवेट कार के लिए शुरुआती इंश्योरेंस कवर कम-से-कम 24,305 रुपये का होगा, जो अभी 7,890 रुपये का है। इसी तरह 350 सीसी से ज्यादा क्षमता की बाइक्स के लिए बायर्स को 13,024 रुपये का पेमेंट करना होगा, जो फिलहाल 2,323 रुपये है। इंश्योरेंस प्रीमियम हर मॉडल्स के मुताबिक अलग-अलग हो सकता है।




सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को आदेश दिया था कि नई कार के लिए थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस कवर 3 साल और टू-वीलर्स के लिए 5 साल के लिए होगा। यह आदेश 1 सितंबर से सभी पॉलिसीज पर लागू होगा।

कोर्ट ने सभी इंश्योरेंस कंपनियों को लॉन्ग टर्म थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस कवर ऑफर करने का आदेश दिया था क्योंकि गाड़ियों के लिए इंश्योरेंस अनिवार्य बनाने के बावजूद बहुत कम लोग इसे रीन्यू करा रहे थे।

## खड़े ट्रक में जा घुसी यात्री बस, 4 मृत, कई घायल

### गया से अंबिकापुर जा रही थी बस




बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में आज तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए है जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि राजहंस ट्रेवल्स की बस बिहार के गया से अंबिकापुर जा रही थी। बस जैसे ही बलरामपुर जिले से गुजर रही थी वहां एक गांव के पास बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब 20 अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का सामने का हिस्सा ट्रक के पीछे तरफ बुरी तरह से फंस गया। जिसे निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस अनुमान लगा रही है कि हादसा बस के चालक को झपकी आने की वजह से हुआ होगा।

## एशियन गेम्स 2018: वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के बाद भारतीय हॉकी टीम की निगाहें सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली (आरएनएस)। दुनिया की पांचवें नंबर की हॉकी टीम भारत का 18वें एशियन गेम्स में शानदान प्रदर्शन जारी है। उसने मंगलवार को पूल-ए मैच में श्री लंका को 20-0 से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पूल स्तर पर अपने 5 मैचों में कुल गोलों की संख्या 76 तक पहुंचा दी है और एक वर्ल्ड रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल भारत ने किसी भी टीम द्वारा किसी एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने का रेकॉर्ड बनाया है। इससे पहले यह रेकॉर्ड अर्जेंटीना के नाम पर था, जिसने 2004 पैन अमेरिकन गेम्स में 68 गोल किए थे।

ऐसे में भारतीय टीम की कोशिश होगी कि वह अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए गुरुवार को एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में मलयेशिया को हराए।


## वेडिंग प्लानर बनाने के चक्कर में धोखे से करा दी महिला की शादी

पेइचिंग (आरएनएस)। धोखे से पैसे हड़पने की खबरें आप अक्सर सुनते होंगे, पर चीन में इनदिनों धोखे से शादी करने का भी चलन बढ़ा है। एक महिला ने दावा किया है कि चीन में एक डमी शादी के दौरान धोखे से अजनबी के साथ उसकी शादी करा दी गई। 21 साल की यह महिला हॉन्ग कॉन्ग की है। उसने बताया कि वेडिंग प्लानर बनने के लिए उसे ट्रेनिंग के तहत सबसे पहले मॉक वेडिंग में शामिल होने के लिए कहा गया था।

इस डमी शादी में उसे दुल्हन का रोल निभाने का जिम्मा दिया गया। इस दौरान उसे भनक ही नहीं लगी कि यहां सचमुच में उसकी शादी कराई जा रही है। दरअसल, महिला ने सबसे पहले मेक-अप आर्टिस्ट के लिए आवेदन किया था।

## सफलता आरबीआई की रिपोर्ट पर सरकार का स्पष्टीकरण, 10 हजार करोड़ रुपये के नोट अब भी बाहर

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिजर्व बैंक के 500 रुपये और 1000 रुपये मूल्य के पुराने नोटों को प्रचलन से हटाने के मद्देनजर 99.3 फीसदी पुराने नोटों के वापस आने के आकंड़े जारी करने के बीच सरकार ने बुधवार को कहा कि नोटबंदी जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी वह काफी हद तक उसे हासिल करने में सफल रही है। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव एस सी गर्ग ने यहां संवाददाताओं से कहा कि नोटबंदी के प्रमुख उद्देश्यों में कालेधन को नियंत्रित करना, आतंक वित्त पोषण पर काबू पाना, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना और नकली नोटों को प्रचलन से बाहर करना शामिल था और लगभग ये सभी उद्देश्य पूरे हुए हैं।



उन्होंने कहा कि नोटबंदी वाले 10 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी बाहर हैं। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय बैंक ने बुधवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि नोटबंदी वाले 500 रुपये और एक हजार रुपये के 15,310.73 लाख करोड़ रुपये मूल्य के पुराने नोट वापस आए। नोटबंदी से पहले 08 नवंबर 2016 को 15,417.93 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 500 और एक हजार रुपये के पुराने बैंक नोट प्रचलन में थे। उन्होंने कहा कि देश में नोटबंदी वाले नोटों को रखने का अपराध घोषित कर कानून बनाया गया है लेकिन विदेशों में लोगों के पास पुराने नोटों के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के बाद डिजिटल लेनदेन में तेजी आयी और अब यूपीआई पर हर महीने 25 करोड़ लेनदेन हो रहे हैं।

रुपया में जारी गिरावट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लगातार निकासी करने के कारण भारतीय मुद्रा पर दबाव बना है। लेकिन हाल के दिनों में करीब एक अरब डॉलर का सकारात्मक प्रवाह बढ़ा है जिससे रुपये को बल मिलने की संभावना है। उन्होंने डॉलर की तुलना में रुपया के 68 से 70 रुपये प्रति डॉलर के बीच रहने की उम्मीद जताते हुये कहा कि भारतीय मुद्रा में गिरावट अस्थायी है।

CMYK